कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

वन भवन, ब्लॉक-'ए' पुरूलिया रोड़, चास, बोकारो-827013

Email – cf-bokaro@gov.in, bokarocf@gmail.com, cfbokaro@rediffmail.com मो० – 8987790301

पत्रांक : ...., दिनांक : ....

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
बोकारो।

विषय :– **सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड की कोतरे बसन्तपुर पचमो कोल माईन्स परियोजना विस्तारीकरण हेतु बोकारो वन प्रमण्डल अन्तर्गत 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन के प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची का ज्ञापांक 107 दिनांक 04.02.2022।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि मेसर्स सी0सी0एल0 की कोतरे बसंतपुर पचमो कोल माईन्स परियोजना हेतु बोकारो वन प्रमण्डल अंतर्गत 372.98 हे0 वनभूमि अपयोजन हेतु प्राप्त प्रस्ताव इस कार्यालय के पत्रांक 57 दिनांक 24.01.2022 द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची को अग्रसारित किया गया था। प्रस्ताव के संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची द्वारा दिनांक 08.10.2021 को की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही (नोडल पदाधिकारी का कार्यालय ज्ञापांक 1327 दिनांक 28.10.2021) के संबंध में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित ATR प्रस्ताव पर दिनांक 11.02.2022 को प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची द्वारा समीक्षात्मक बैठक की गई थी। बैठक की कार्यवाही उनके कार्यालय ज्ञापांक 140 दिनांक 17.02.2022 द्वारा प्रेषित है।

प्रयोक्ता अभिकरण मेसर्स सी0सी0एल0 द्वारा दिनांक 11.02.2022 की बैठक में दिये गये निर्देश का ATR एवं प्रासंगिक पत्र में वर्णित बिन्दुओं का जवाब वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल के कार्यालय में समर्पित किया गया। वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल के पत्रांक 561 दिनांक 03.03.2022 द्वारा प्रयोक्ता अभिकरण से प्राप्त ATR एवं अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित किया गया है। वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल द्वारा अपने पत्र में दिनांक 08.10.2021 एवं 11.02.2022 की समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश एवं समर्पित ATR के आलोक में प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा अनुपालन हेतु निम्नलिखित तीन शर्त्तें प्रस्तावित की गई है, जिससे अधोहस्ताक्षरी भी सहमत हैं :–

1. Drainage and silt deposit study of entire mining lease is to be conducted periodically by User Agency and remedial action to be taken. Report is to be submitted regularly to the Forest Department.
2. Wildlife Management Plan is to be prepared and submitted before the compliance of the conditions of Stage-I by the User Agency.
3. Catchment area treatment plan for Chutua Nala and other Nala falling with in mining lease area is to be prepared and implemented by the User Agency.

अतः अनुपालन प्रतिवेदन **07 (सात)** प्रतियों में इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक अग्रतर कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

अनु0 :– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0/–

वन संरक्षक,

प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

ज्ञापांक 190, **दिनांक** 03.03.2022

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

03-03-22

वन संरक्षक,

प्रादेशिक अंचल, बोकारो।